अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर	नम्बर व अहकाम हुक्म की जारी हुए
	श्री दीपक पारीक श्री के. के. पुरोहित	
10.6.19	पत्रावली अभिभाषक अपीलांट श्री दीपक पारीक के द्वारा दिनांक 04.06.2019 को प्रार्थना पत्र विड्रो किये जाने का पेश करने पर तलब की गई। अभिभाषक अपीलांट एवं रेस्पोडेन्ट संख्या 01 से 03 उपस्थित हुए तथा अपीलांट संख्या 01 जगदीश एवं अपीलांट संख्या 02 मोहिनी स्वंय उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने बताया कि प्रार्थीगण/अपीलांटस व रेस्पोडेन्टस के मध्य गॉव में मौजिज व्यक्तियों के सहयोग से आपस में राजीनामा हो गया है जिससे वह विवाद को आगे नहीं बढ़ाकर आपसी राजीनामें के आधार पर उक्त अपील को आगे नहीं चलाना चाहते हैं और अपील इसी स्तर पर विड्रो करना चाहते है इसलिए अपील विड्रो किये जाने से निर्णित की जावे। अपीलांट संख्या 01, 02 स्वंय उपस्थित होकर बताया कि हम अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है इसलिए अपील को विड्रो में खारिज की जावे। अभिभाषक रेस्पोडेन्ट संख्या 01से 03 ने बताया कि अपीलांटस अपनी अपील को विड्रो करना चाहते है तो हमें कोई आपत्ति नही है। अपीलांटस एवं उनके अभिभाषक अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है और अपील को विड्रो में खारिज करवाना चाहते है। **अतः अपील अपीलांट विड्रो किये जाने से खारिज की जाती है। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।** राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर	